## खबर संक्षेप

### 1 जनवरी से चांडक भवन में होगा प्रवचन सप्ताह

**सौंसर।** मातोश्री केसरबाई चांडक भवन सौसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्रह्मलीन परम पूजनीय भैयाजी महाराज श्रीताज़ आनंद आश्रम सावंगी द्वारा रचित अध्यात्म पर प्रार्थना स्तोत्र इस दिव्य ग्रंथ पर प्रवचन सप्ताहकार्यक्रम 1 जनवरी से शुरू होने जा रहा है।आयोजन में प्रवचनकार हरिभक्त परायन एकनाथजी गोलकर महाराज आलंदी अपने मुखारविंद से प्रवचन करेंगे।प्रवचन के प्रथम दिन 1 जनवरी को कलश पूजन के साथ में प्रवचन की शुरुआत होगी। इसी प्रकार यह कार्यक्रम 1 जनवरी से 7 जनवरी तक निरंतर चलेगा।प्रवचन सप्ताह का समापन दहीलाही कालाचे कीर्तन के साथ 8 जनवरी को होगा। सच्चिदानंद मंडल सौसर द्वारा आयोजित इस प्रवचन सप्ताह में मंडल के श्रीमती सरलादेवी चांडक ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

### जामई के नपा अधिकारी का कार्य का सौंपा दायित्व

**जुन्नारदेव :** नगर पालिका परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की गई। नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव में शासन द्वारा नियमित मुख्य न०पालिका अधिकारी की पदस्थापना नगर पालिका परिषद दमुआ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के स्थान पर भरत गजबे प्रभारी मु०न०पा०अधिकारी चांदामेटा को नगर पालिका परिषद जामई के मु०न०पा० अधिकारी के कार्य संपादन का दायित्व सौपा गया है। प्रभारी नगर पालिका अधिकारी भारत गजबे की नियुक्ति से जुन्नारदेव नगर पालिका क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों तथा जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गति प्राप्त होना प्रारंभ हो गई है । विगत 2 दिन पहले अपना पदभार ग्रहण करने के बाद जुन्नारदेव नगर पालिका में विभिन्न कार्यों को हरी झंडी दी गई। सीएमओ के नहीं रहने से विभिन्न कार्य प्रभावित हो रहे थे ।जिससे नगर की जनता सहित ठेकेदार भी परेशानियों का सामना कर रहे थे ।प्रभारी सीएमओ की नियुक्ति से परिषद ने राहत की सांस ली।

### पिकनिक की आड़ में हरे भरे पेड़ एवं पर्यावरण को हानि पहुंचा रहे पर्यटक, जंगल में फैला रहे प्रतिबंधित पॉलीथिन

# नववर्ष में जंगल में सैलानियों से वन संपदा को होगा बचाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा





नए साल का जश्न कैसे यादगार और बेहतर बनाया जाए। इसके लिए जश्न मनाने वालों की प्लानिंग बना रही है जिसमें तामियां पातालकोट के अलावा इससे लगे हुए पिकनिक स्पॉट लोगों के लिए पहली पसंद बने हुए जिनमें छोटा महादेव, झींगरिया, ग्वालगढ पहाड़ी सहित तामिया का हरा भरा जंगल सैलानियों की पहली पसंद बन चुका हैं।

सैलानी ग्रुप में तामिया पहुंचते हैं और वो नये साल का जश्न अपने मनमाने तरीके से मना कर अपना इंजॉय करते हैं। लेकिन उनके इस एंजॉय से वन संपदा को प्रतिवर्ष कितनी हानि हो रही होगी। इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है क्योंकि तामिया में आने वाले पर्यटकों को मालूम है कि रेंजर का किसी पर भी कोई नियंत्रण नहीं है और ना ही उनके अधीनस्थ कर्मचारी उनकी बात को तवज्जो देते हैं। क्योंकि वो कभी जंगल की ओर जाना पसंद नहीं करते हैं। इनके अधीन मैदानी वन अमला जंगल के बजाय हाट बाजारों में घूम कर दिन काटते है। लेकिन रेंजर सहित वन कर्मचारी की लापरवाही का खामियांजा यहां की हरियाली एवं वन संपदा को भुगतनापड़ रहा है। यदि छोटा महादेव के आसपास सहित मुख्य मार्ग के जंगल क्षेत्र में थोड़े भीतर ही झांक कर देखेंगे तो वहां पर सैलानियों द्वारा पिकनिक मनाया जाना देखा जा सकता है। पिछले दिन तामिया जलाशय की नहर के पास लगभग 20 सैलानियों द्वारा जंगल में भोजन किये जाने के निशान प्लांटेशन क्षेत्र में देखे जा सकते हैं। इन सैलानियों के कारण लगये गए गए पौधे भी इनकी चहल कदमी से क्षतिग्रस्त हुए देखे जा सकते हैं।

यहां तक तो ठीक है लेकिन इन सैलानियों ने एक मझोले पौधे को तो खेल-खेल में मरोड़ कर नष्ट कर दिया। तामिया आने वाले सैलानियों को नियंत्रित करने के लिए जंगल के चौकीदार एवं नाकेदारों को निर्देशित कर सैलानियों के द्वारा वन संपदा के नुकसान को रोकने रेंजर को प्रयास करने होंगे। शैलानी आए यह तामिया के लिए अच्छी बात है। लेकिन वह वन संपदा को नाकेदारों की लापरवाही के कारण नष्ट ना हो। पर्यावरण एवं तामिया के लिए यह दुखद विषय है। इस तरह 31 दिसंबर एवं नए वर्ष के 1 जनवरी को हजारों की संख्या में सैलानी आएंगे।

इसलिए उनसे होने वाली हानि रोकने के लिए वन विभाग को विशेष कर इन दो दिनों के लिए नियंत्रित करने की स्थिति निर्मित करनी होंगी। नहीं तो यदि ज्यादा संख्या में शैलानी जंगल में प्रवेश कर गए तो वन संपदा का नुकसान होगा।

इसके लिए रेंजर एवं डिप्टी रेंजर के छोटे से प्रयास से वन संपदा की हो रही हानी सैलानियों के कारण रोकने कम से कम इन दो दिनों के लिए कदम तो उठाने होंगे।

## वार्षिकोत्सव में नन्हें मुन्नें छात्रों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम, मंत्र मुग्ध हुआ लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

आशा शिशु विद्यि मंदिर पांजरा में वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं संचालक विनोद कुमार दुबे के द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चना के साथ शुरू हुआ। मंच संचालन दसवीं की छात्राओं ने किया। ₹राम जी की अलवेली सरकार₹ गाने पर पूरा मंच और प्रांगण मे बैठे दर्शक झूमकर नाचे। ₹दीवाना हू मै दीवाना महाकाल का दीवाना₹ कुछ पल के लिए तो पूरा का पूरा मंच सनातनी हो गया। कार्यक्रम के साथ-साथ दर्शक राम नाम में डूब गए। नन्हे मुन्ने छात्रों ने मनमोहन झांसी और नृत्य प्रस्तुत किया संपूर्ण कार्यक्रम में देशभक्ति राष्ट्र प्रेम और सनातन की छाता देखी गई पूरा प्रांगण राम मैं हो गया कार्यक्रम के मध्य में मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक श्री विनोद कुमार दुबे द्वारा सभी अतिथि अतिथियों का तिलक लगाकर एवं भागवत गीता उन्हें विदा किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। संस्था की शिक्षक सुनील दुबे द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में दिव्या ज्योति पब्लिक स्कूल की प्राचार्य संजय पंचेश्वर, चैतन्य ज्योति पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं संचालक धनीराम रघुवंशी, महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल चौरई के संचालक जयविन्द डेहरिया तथा प्रभात जनरल स्टोर के संचालक दिलीप जैन उपस्थित रहे।

### सांई बाबा का मनेगा 32 वां धार्मिक उत्सव

**पांढुर्ना :-** नगर में आज से शिरडी वाइले सांईबाबा के स्मरण में 3 दिवसीय धार्मिक समारोह मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर में सांईबाबा के स्मरणार्थ यह 32 वां धार्मिक समारोह है जो 31 दिसंबर को मनाया जाता है। आयोजकों ने सांईबाबा के समस्त भक्तजनों को इस धार्मिक समारोह का हिस्सा बनने की अपील की है। प्र ा प्त जानकारी के अनुसार 30 एवं 31 दिसंबर तथा 1 जनवरी को इन धार्मिक समारोह का आयोजन होगा। 30 दिवंसबर को शाम 4 जे सांई कुटिया से शोभयात्रा निकलकर शहर के मुख्य रास्तों से गुजरेगी। 31 दिसंबर को सुबह 8 बजे शंकरनगर स्थित स्वयंभू भजन मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड रखा गया है। इसके बाद रात्रि 12 बजे महाआरती की जाएगी। 1 जनवरी को सुबह 11 बजे हवन पूजन एवं पूज्य देवीदास महाराज खंडाला द्वारा गोपाल काला, दहीलाही की जाएगी। इसी दिन शाम 7 बजे शिरडी जानेवाली सांई पालखी का साइंर् कुटिया में आगमन होगा।

## उपयंत्री दिनेश जौहरे को 4 वर्ष का सश्रम कारावास

### 60 हजार रूपये का लगाया जुर्माना, न्यायालय ने सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

भ्रष्टाचारी उपयंत्री जनपद पंचायत बिछुआ को 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 60 हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनाई। प्रार्थी सुकराम नौरे ने 9/05/2018 को पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जिसमे उसने लेख किया कि उसकी पत्नि श्रीमति रज्जोबाई नोरे ग्राम पंचायत की सरपंच है।

ग्राम पंचायत के तहत तीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो प्रार्थी की पत्नी का स्वास्थ ठीक न रहने से प्रार्थी द्वारा पंचायत के समस्त कार्य देखे जाते है। जो आगनबाड़ी भवन आग्रापुर, डूडासिवनी एवं बड़कुई में बन रहे है उन भवनों का कार्य भी प्रार्थी के देखरेख में कराया जा रहा था उक्त आंगनबाडियों का स्लैप स्तर तक का कार्य पूर्ण हो चुका है उक्त कार्य का मूल्यांकन जनपद पंचायत बिछुआ में पदस्थ उपयंत्री दिनेश जौहरे के द्वारा किया जाना था। आंगनवाडियों के मूल्यांकन कराने के कार्य से जब प्रार्थी उपयंत्री श्री जौहरे से मिला तो उनके द्वारा प्रार्थी से तीनों आगनवाडियों का मूल्यांकन करने के एवज में 45,000/- रु रिश्वत की मांग कर रहे थे। प्रार्थी के आवेदन पत्र पर रिश्वत संबंधी वार्ता टेप करके लाने हेतु वाईस रिकार्डर दिया गया दिनांक 10/5/2018 को उपयंत्री श्री जौहरे से छिन्दवाडा जेल बगीचा ग्राउंड में दिन के करीब 1:30 बजे मुलाकात में मोलभाव कर उपयंत्री श्री जौहरे 30,000 रिश्वत लेने के लिये राजी हो गया। प्रार्थी द्वारा समस्त रिश्वत संबंधी वार्ता रिकार्ड करली गई रिकार्डर, तथा डीव्हीआर जुबैद के हस्ते कार्यालय जबलपुर पहुंचा दिया था ।प्रार्थी द्वारा समस्त रिश्वत संबंधी वार्ता रिकार्डर में दर्ज वार्तालाप में रिश्वत की मांग संबंधी तथ्यों की पुष्टि होने पर ट्रांससक्रिप्ट तैयार की गई एवं दिनांक 15/5/2018 को आरोपी दिनेश जौहरे को 30,000/- रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों ई एल सी चौक छिंदवाड़ा में पकड़ा गयाल संपूर्ण प्रकरण की विवेचना स्वपनिल दास के द्वारा किये जाने के पश्चात आरोपी दिनेश जोहरे उपयंत्री जनपद पंचायत बिछुआ के विरूद्ध धारा 7(A) सहपठित धारा 13(2) भ्रंनि.अधिनियम के साथ अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध आरोप विरचित कर साक्षियों के परीक्षण उपरांत अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुये दिनांक 30/12/2023 को माननीय विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण.अधिनियम) छिन्दवाडा द्वारा आरोपी दिनेश जोहरे को धारा 7(क) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 30000/ रूपये जुर्माना एवं धारा 13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में भी 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 30000/- रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया।

## गांव गरीब किसान का विकास ही मोदी की गारंटी: विवेक बंटी साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

गांव, गरीब, किसान, मजदूरों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाकर उनका विकास करना ही सरकार का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए देश के यशस्वी प्रधान मंत्री ने अपनी खुद की गारंटी दी है। यह बात ज़िला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण जनों से चर्चा में कही। शनिवार को यह यात्रा उमरानाला, गुरैया, गांगीवाड़ा पहुंची थी। इस मौके पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने कहा की विकसित भारत संकल्प यात्रा आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस यात्रा के जरिए वंचितों तक पहुंचना उन कमजोर लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ उनकी व्यक्तिगत कहानियों, अनुभव साझा करने के माध्यम से बातचीत करना है। भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने कहा की यह अभियान सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण स्कारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है। विवेक बंटी साहू ने कहा की देश के नागरिकों के लाभ के लिए और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी की यथासंभव व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

### विकसित भारत बनाने ली शपथ

कार्यक्रम में सभी ने विकसित भारत बनाने की शपथ भी ली। भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने शपथ पत्र का वाचन कर सभी को शपथ दिलाई। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वही रोचक प्रश्न भी पूछे गए।

## सौंसर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में जीते पदक



**सौंसर।** नगर के संजय मार्शल आर्ट स्कूल के कराते खिलाड़ियों ने गोवा मे आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगीता मे मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया है।साथ ही अपने अपने वजन और आयु वर्ग मे 1 रजत एवं 4 कास्य पदक प्राप्त कर सौसर नगर का नाम रोशन किया है।संजय मार्शल आर्ट स्कूल के संचालक एवं मुख्य कराते प्रशिक्षक संजय भुजाडे ने बताया की इस प्रतियोगीता के लिए नगर से 7 कराते खिलाड़ियों का चयन हुआ था।जिसमे हिमांशु नंदकिशोर ठाकरे ने रजत पदक, ध्रुव प्रमोद पातुरकर ने कास्य पदक, हिमेश राजेश खैरवासिया ने कास्य पदक, यशस्वी राजेश खैरवासिया ने कास्य पदक, प्रेमराज भीमराव वटटी ने कास्य पदक प्राप्त किया वही मयंक राजकुमार बरखडे और अभिनंदन रत्नाकर गोमकाले का सराहणीय प्रदर्शन रहा है।टीम के साथ महिला कराते प्रशिक्षिका डिम्पल शेखर गावंडे ने टीम कोच की भूमिका निभाई। सभी कराते खिलाड़ियों का नगर आगमन पर स्कूल के संरक्ष पंकज लोनारे एवं नगर के गनमान्य नागरिको ने एवं पालको ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण

**जुन्नारदेव** - शहर के वार्ड क्रमांक 17 में दमुआ परासिया मुख्य मार्ग से फारेस्ट ऑफिस तक बन रही 4 सौ मीटर सड़क का निर्माण इन दिनों जारी है जिसका शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजवे के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने ठेकेदार से सड़क की अच्छी तरह से तराई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान पूर्व अंत्योदय अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी,सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी, पार्षद संजय जैन,अमित यादव, उपयंत्री सुरेश मिश्रा,महर्षि चौरसिया, ठेकेदार सागर अरोरा मौजूद रहे।

## स्कूल में राम रोटी का आयोजन

**जुन्नारदेव:** हम फाउंडेशन महिला संस्कृति शाखा द्वारा ग्राम बेलखेड़ी के प्राथमिक शाला भवन में गरीब बच्चों के साथ स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन राम रोटी का आयोजन किया गया। जैसा कि आप सब जानते हैं हम फाउंडेशन भारत सामाजिक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यों में अग्रसर रहकर पीड़ित मानवता की सेवा में निरंतर कार्य रहा हैं। 24 - 25 दिसंबर को हम फाउंडेशन भारत ने महाकाल की नगरी उज्जैन में नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए 13 राज्यों की महिलाओं के साथ एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करके मातृशक्ति को सशक्त करने के लिए सफल आयोजन किया। इसी सफल आयोजन के उपलक्ष में बेलखेड़ी के गरीब स्कूली बच्चों के साथ खुशियां बांटने के मकसद से भोजन करना तय किया गया था।

## म.प्र. ने क्रिकेट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती

### पांढुर्ना के खिलाडियों का रहा योगदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

कल उत्तरप्रदेश के मथुरा में हुई सॉफ्ट क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया कप पर मध्यप्रदेश सॉफ्ट बॉल एसोसिएशन की टीम ने फाइनल मैचे में झारखंड की क्रिकेट टीम को पराजित कर इस कप पर कब्जा जमाया। सॉफ्ट क्रिकेट की इस फाइनल मैच में पांढुर्ना के हर्ष तावरे और प्रीत महाले ने अपने उम्दा प्रदर्शन से आयोजकों का दिल जीत लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 से 31 जनवरी के बीच नेपाल में सॉफ्ट बॉल इंटरनेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है जिसमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें उतरेगी जिसमें अंडर नाइनटीन खिलाडी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे। उत्तरप्रदेश के मथुरा में खेले गए सॉफ्ट क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, राजस्थान तथा उत्तरप्रदेश की अंडर नाइनटीन टीमें आयी थी। मध्यप्रदेश की टीम को इंडियन सॉफ्ट बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद बिगेरियो, राजस्थान से अर्जुन तोमर एवं कुछ अन्य प्रदेश से आए क्लब के पदाधिकारियों के हस्ते यह सम्मानजनक कप प्रदान किया गया।

पांढुर्ना जिले के लिए गौरव की बात यह है कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होनेवाली मध्यप्रदेश की टीम में नगर से यश तावरे और प्रीत महाले का चयन उनकी खेल प्रतिभा के आधार पर किया गया था और फाइनल मैच में इन दोनों ने अपने जौहर दिखाकर आयोजकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

### न्यू ईयर के नाम पर शराब पार्टी आयोजन करने वालों को दी बजरंग दल चेतावनी



**छिंदवाड़ा।** बजरंग दल जिला सहसंयोजक नितेश पटेल ने बताया न्यू ईयर के नाम पर ऐसे आयोजन न हो जिसमें पार्टी के नाम पर शराब परोसी जाए। नाबालिग लड़के -लड़कियों को नशीली चीजें उपलब्ध कराई जाए। अगर शहर में ऐसी गतिविधियां इस प्रकार के आयोजनों की हमें सूचना मिलती है तो बजरंग दल वहां पहुंचकर विरोध करेगा एवं संबंधित कार्यक्रम के आयोजक एवं होटल रेस्टोरेंट संचालकों पर प्रशासनिक कार्रवाई भी करवाएगा। इस प्रकार के आयोजनों में किसी प्रकार की घटनाएं होती हैं तो इसका जवाबदार संबंधित कार्यक्रम संचालक रहेगा। ऐसी पार्टी का विरोध करने का हमारा मुख्य उद्देश्य लव जिहाद जैसी घटनाएं शहर में पार्टी के माध्यम से न घटित हो। प्रिंट मीडिया के माध्यम से बजरंग दल यह संदेश देना चाहता है कि ऐसी पार्टियों व आयोजनों से माता पिता अपने बच्चों को दूर रखें।

### चौकी प्रभारी ने स्वयं किया रेस्क्यू, बचाई जान

## न्यूटन चौकी अंतर्गत पुलिस को मिला दुर्लभ प्रजाति का उल्लू

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



दुर्लभ प्रजाति का बॉर्न आउल न्यूटन चौकी अंतर्गत पुरानी पानी टंकी के नीचे सुरक्षित स्थान में मिला । 30 दिसंबर शनिवार को दिन में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मुकेश डोंगरे अपने स्टाफ सैनिक छोटे लाल उइके के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे । भ

रमण के दौरान पुरानी पानी टंकी के नीचे ढेर सारे बच्चों की भीड़ लगी थी । जिसे देखकर पुलिस वहा पहुंची तो टंकी के अंदर एक सफेद भूरे रंग का दुर्लभ प्रजाति का उल्लू बैठे मिला, तथा अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा था । जिसकी सुरक्षा हेतु उपनिरीक्षक मुकेश डोंगरे ने स्वयं ही उस उल्लु का रेस्क्यू कर वहा से सुरक्षित बाहर निकालकर अपने साथ चौकी लाए और फॉरेस्ट विभाग सूचना दी । जिसके बाद फॉरेस्ट विभाग से बीट गार्ड शिवकुमार मिश्रा और मुकेश रैकवार चौकी न्यूटन आए । जिन्हें दुर्लभ प्रजाति के उल्लू को पुलिस ने सुरक्षित सुपुर्द कर दिया , ताकि वन विभाग उसे उसके जीवन के अनुकूल वातावरण एवं सुरक्षित स्थान जंगल में छोड़ सके । बार्न आउल का फेस दिल के आकार का होता है । यह काफी शर्मीला होता है । यह रात में शिकार करता है । इसकी लंबाई 39 सेमी तक होती है । जबकि उड़ते वक्त यह 95 सेमी तक होता है।

हिमालयी क्षेत्रों में मिलता है बार्न आउलदुर्लभ प्रजाति का बार्न उल्लू दुनिया के कई हिस्सों में मिलता है । भारत में अधिकांश तौर पर पठारी, हिमालयी क्षेत्र में यह उल्लू पाया जाता है, लेकिन कई बार दूसरे हिस्सों में भी देखा जाता है । इसे यहां इंडियन बार्न उल्लू और सफेद उल्लू के नाम से जाना जाता है ।

अयोध्या में विराजित रामलला मंदिर उद्घाटन अवसर पर छिंदवाड़ा होगा राममय रामनाम लेखन, महामंत्र जाप, रामचरितमानस परायण समेत जिले भर में 4 से 22 जनवरी तक होंगे धार्मिक आयोजन

# हम सबके राम मारुति नंदन सेवा समिति सिमरिया ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



प्रभु श्रीराम हमारी आस्था है ।उनका चरित्र हमारी सांस्कृतिक विरासत है जो करोड़ो करोड़ो लोगों को आदर्श जीवन जीने का संदेश देता है । भारत की पावन भूमि पर स्थित अयोध्या धाम में श्रीरामलला मंदिर का प्रतिष्ठा उत्सव हमारे लिए गौरव का विषय है । इसी निमित्त जिले की मारुति नंदन सेवा समिति ने जिले में 21 दिवसीय श्रीराम महोत्सव के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की है जिसके माध्यम से सारे आस्थावान रामभक्त अपनी आस्था प्रकट करते हुए पुण्यार्जन कर सकते है । यह बात मारुति नंदन सेवा समिति से जुड़े सेवादार पदाधिकारियों ने तामिया के ग्रामीणों को समझाते हुए कही ।संतो का सम्मान कर सर्वप्रथम तुलतुला मंदिर के दीनानंद जी महाराज एवं करनसिंग जी महाराज अनहोनी , उमेशाह मरकाम जी उमरिया भोले यादव हनुमान मंदिर तामिया शंकरशाह उइके गायत्री परिवार तामिया आस्थावानों के बीच समिति के गंगा प्रसाद तिवारी ,विश्वनाथ ओक्टे ,आनन्द बक्शी ,और विधायक सुनील उइके ने कहा कि प्रभु राम हम सबकी आस्था है। उनका महौत्सव पूरी तरह धार्मिक, सांस्कृतिक ,आस्था का विषय है। प्रभु हम सभी के है । इस पावन भूमि पर रामलला का उत्सव समिति के प्रयासों से यादगार होगा ।समिति का प्रयास होगा कि इस दिन घर घर दिवाली हो।जिले की मारुति नंदन सेवा समिति सिमरिया हनुमत धाम के तत्वावधान में समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने शनिवार तामिया चावलपानी और झिरपा क्षेत्र में सामाजिक तथा सनातनी धार्मिक संस्थाओं से जुड़ी समितियों के पदाधिकारियों ,आस्थावानों और रामभक्तों के साथ विचार विमर्श कर अयोध्या में विराजित रामलला मंदिर के उद्घाटन अवसर को यादगार बनाने का आह्वान किया । समिति ने रामलला उत्सव को यादगार बनाने के लिए ग्रामीणों के बीच अपनी अभिनव पहल और योजना का खुलासा भी किया । मारुति नंदन सेवा समिति के सेवादार पदाधिकारियों ने तामिया के माता मंदिर परिसर के पीछे में एकत्रित आस्थावानो के बीच कहा कि मारुतिनंदन सेवा समिति ने प्रभु श्रीराम के अयोध्या उत्सव पर क्षेत्र को राममय करने की योजना बनाई है ।योजना के तहत समिति जिले में 4 से 9 जनवरी तक आस्थावानों के बीच साढ़े चार करोड़ राम नाम पत्रक रामनाम लेखन के लिए घर घर वितरण करेगी । पत्रको का एकत्रीकरण 21 जनवरी को क्षेत्रवार होगा जहाँ से संग्रहित राम नाम पत्रक पहले सिमरिया हनुमत धाम और फिर विधिविधान पूर्वक पूजन अनुष्ठान के साथ अयोध्या राम दरबार पहुँचाए जाएंगे ।समिति ने 11 से 14 जनवरी के बीच समिति रामनाम जाप की योजना बनाई है जिसमे 11 हजार एक सौ ग्यारह बार रामनाम जप किया जाएगा । 15 से 18 जनवरी के बीच क्षेत्र भर के महिला पुरुष मानस मंडलो से रामचरित मानस परायण का आह्वान किया गया है ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**बिछुआ।** नगर परिषद अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का शनिवार को स्थानीय खंडेरा चौक पर आगमन हुआ,एवं हितग्राही शिविर लगाया गया, जिसमें सभी विभागों के काउंटर लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुवात कलश पूजन, कन्या पूजन, से की गई,इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत नागरे, जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,रामसिंह पटेल,रघुराज पटेल, शिवराम चौरसिया, नेमिसिंह पटेल,उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, सभापति अनिल कुर्मी, झीटो बाई धुर्वे, बिंदु मालवीय, लक्ष्मी मिनोटे, दीपक चोपड़े, पार्षद बबिता गाकरे, रोशनी कड़वे, बबलू आरगुड़े, कीर्ति करमेले, गीता चोपड़े, सी एम ओ महेश साहू, इंजीनियर सौहार्द मातरे, लेखापाल प्रीतमसिंह चोरिया,सहित समस्त नगर परिषद अमला उपस्थित रहा। उद्बोधन के बाद लाड़ली लक्ष्मी योजना,आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, लाड़ली बहना योजना, महिला स्वसहायता समूहों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया।



# कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

अतिथियों की उपस्थित में हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावंगा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेंसरपंच मंदाताई बागडे, सौसर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल गोरले,संस्था प्राचार्य नीलेश राजनकर,मिलिद बंसोड़ सुखमन उइके,अरविंद ढूंढे आदि उपस्थित थे। आयोजन के दौरान वार्षिक उत्सव में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।आयोजन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की हौसला बढ़ाया। साथ ही जिन बच्चों को पुरस्कार नहीं मिल पाए उन बच्चों को भी आगामी समय में और कड़ी मेहनत करने की नसीहत दी।इस दौरान नूर खान,प्रशांत बंसोड़, जनशिक्षक पंकज कामले,दीपक खिरड़कर, कमलाकर तिबोले, राजू घाघरे, उमेश धंमधर, रवींद्र घुघल आदि थे।

## जामसांवली मंदिर में उमड़ा भक्तों जन सैलाब



**सौंसर।** वर्ष के अंतिम शनिवार पर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र से हजारों भक्तों ने पहुंचकर श्री मूर्ति का अभिषेक पूजन कर नव वर्ष आगमन को लेकर मंगल कामनाएं की है।महाराष्ट्र की ओर से आई सैकड़ो की तादाद में वाहनों के लिए प्रशासन की ओर से नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई थी। इस दौरान छिंदवाड़ा सौसर से पांढुर्णा की ओर जाने वाली यात्री वाहनों को आवागमन को लेकर परेशानी हुई है।वर्ष के अंतिम शनिवार को प्रातः काल से ही लेकर देर रात तक भक्तों की लंबी-लंबी कटारे मंदिर परिसर में लगी रही है। इस दौरान पांढुर्णा की ओर से आई पदयात्रा एवं त्रिमूर्ति के दर्शन प्राप्त करने आए हजारों भक्तों का विभिन्न संस्थाओं के द्वारा पेयजल नाश्ता भोजन आदि का वितरण करते हुए स्वागत सत्कार किया है।पांढुर्णा से चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली आने वाली विशाल पदयात्रा का विधायक विजय चौरे के द्वारा सौसर विधानसभा में स्वागत किया।इसके अलावा नगर पिपला नारायण वार,मोहगांव ग्राम रिधोरा, घोघरी खापा में आयोजित महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्मिलित होकर महाप्रसाद का वितरण किया।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



श्री महेंद्र सिंह पुत्र संजय सिंह परिहार परिवार दमुआ के सौजन्य से सात दिवसीय श्री संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है कथा के चौथे दिन 30दिसंबर दिन शनिवार को भगवान श्री राम का के विवाह का वर्णन किया गया व श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन राजस्थान के प्रख्यात कथा वाचक श्री रामजी महाराज के मुखारविंद से वर्णन किया गया श्री संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने दूरदराज से भारी संख्या में भक्तश्रद्धालु महिलाएं पुरुष आदि तमाम भक्त श्रद्धालु कथा का रसपान करने पहुंचे ।कथा का स्थान पुराने पेट्रोल पंप के पास नगर पालिका मंगल भवन दमुआ में आयोजित आयोजित की गई है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का भक्त श्रद्धालु धर्म प्रेमी भक्तजनो ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का भरपूर आनंद लिया।

## मोआदेई में धूमधाम से कृष्णा जन्म उत्सव मनाया

**छिन्दवाड़ा** । देवी भागवत कथा का चौथा दिन संपन्न हुआ अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक अंकुश शास्त्री महाराज द्वारा देवी भागवत में हरिश्चंद्र, उपाख्यान, राम कथा, कृष्णा जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया बड़े धूमधाम से मनाया गया उसके पश्चात रवि सूर्यवंशी ओम सूर्यवंशी हरि सूर्यवंशी मदन सूर्यवंशी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया



## अति संवेदनशील क्षेत्र में आदर्श दानपात्र सेवा समिति के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

30 दिसंबर को अति संवेदनशील क्षेत्र बैहर के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम पाथरी मे आदर्श दानपात्र सेवा समिति बालाघाट द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल की छात्राएं, अभिभावक एवं सभी शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहें, इस शिविर में किशोरियों एवं महिलाओ को मासिक धर्म, अधिकार, स्वास्थ्य, स्वच्छता, गुड टच - बैड टच, के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। यह शिविर लगाना इसलिए आवश्यक हैं क्योंकि वनांचल क्षेत्र में रह रहे किशोरियों एवं महिलाओं को इन विषयों की जानकारी नहीं हैं। हम आप सभी से अपील करते हैं, हमारी इस छोटी सी पहल में अपना सहयोग देकर ऐसी लाखों जरूरतमंद परिवारों, महिलाओं, किशोरियों, बच्चों की मदद कर सकते हैं। हम समिति के सभी सदस्यों, योद्धाओं एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हैं।

# बालाघाट पुलिस ने जीती व्हालीबॉल प्रतियोगिता



## खैरलाँजी में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय खोलने करेंगे प्रयास-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक बनने के बाद पहली बार ग्राम पंचायत खैरी में व्हालीबॉल टूर्नामेंट के समापन पर पहुंचे विधायक विवेक विक्की पटेल का ग्रामीणों ने आतिशबाजी और बैंड बाजों की धुन में नाचते गाते हुए फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम खैरी निवासियों के घर-घर जाकर मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि ग्राम खैरी में कभी विकास की कमी नहीं होगी, आप जब भी जैसा बोलोगे, वैसा आपके मुताबिक काम होगा। आपको वारासिवनी आने की आवश्यकता नहीं हैं, आपने मुझे जीताया हैं, इसलिए मैं आपके घर आपसे काम पूछने आऊंगा। ग्राम पंचायत खैरी में सनफायर समिति खैरी के तत्वावधान में ओपन जिला व्हालीबॉल प्रतियोगिता में 4 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें बालाघाट पुलिस, बालाघाट सिटी, लाँजी एकेडमी व लालबर्रा की टीमों ने भाग लिया। जिसमें बालाघाट पुलिस ने जीत दर्ज की। विजेता टीम को विधायक विक्की पटेल व अतिथियों द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की मुझे खुशी हो रही हैं कि इतना बड़ा टूर्नामेंट ग्राम खैरी में हो रहा हैं। हर व्यक्ति को अपने लक्ष्य में काम करना चाहिए। खेलने के लिए शरीर का स्वस्थ होना बहुत जरूरी हैं, तो हम किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। क्षेत्र में हम हर काम कराएंगे, किसी भी काम को पूरा करने में कमी नहीं की जायेगी। हम अपने काम को भोपाल से खींचकर लाएंगे, भाजपा की सरकार ने चुनाव से पहले कहा था कि हम किसानों की धान को 3100 रूपये प्रति क्विंटल खरीदेंगे। हमारा जिला धान का कटोरा हैं, मगर किसानों को उनकी मेहनत का दाम नहीं मिल रहा हैं। मेरी पहली प्राथमिकता हैं कि खैरलांजी में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, पंजीयन कार्यालय और बच्चों की पढ़ाई के लिए आईटीआई खोलने का प्रयास करेंगे।

# लांजी एवं भानेगांव, बहेला मे 91 मोतियाबिंद मरीज चयनित

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** महावीर इंटरनेशनल लांजी, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के द्वारा निःशुल्क प्रतिमाह स्वास्थ जांच एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन लांजी में और भानेगांव, बहेला में आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा लोगो की मदद कर सेवा कार्य में अब कैंसर रोग, ह्रदय रोग, किडनी रोग, महिलाओं में बच्चादानी रोग, पर उनका उपचार मार्गदर्शन कर शासन की योजना पर एवं अन्य हॉस्पिटल में मार्गदर्शन सेवा कार्य किया जाएगा , जो भी संभव मदद हो महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा किया जाएगा साथ ही प्रतिमाह मोतियाबिंद नेत्र जांच के माध्यम से रोगी की स्वयं की स्वेच्छा से उनका उपचार किया जायेगा। परिवार की सहमति के बगैर किसी भी व्यक्ति महिला पुरुष को नहीं भेजा जायेगा,महावीर इंटरनेशनल का उद्देश्य सबकी सेवा ,सबको प्यार, जियो और जीने दो के सिद्धांत पर मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए निस्वार्थ मानव सेवा में सतत प्रयासरत है। दिनांक 30/12/ 2023 शनिवार को महावीर इंटरनेशनल के लांजी केंद्र द्वारा संचालित प्रतिमाह शिविर लांजी नगर में अरमान ऑप्टिकल लांजी में एवं भानेगांव,स्वाभिमान संस्कार कुनबी समाज भवन भानेगांव में (भूते आई केयर ऑप्टिकल भानेगांव) में शिविर का आयोजन किया गया। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 के डिप्टी डायरेक्टर एवम चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत खोंगल जी ने बताया निर्धारीत तिथि और समय में प्रातः 11:00 से 2:00 तक लांजी में एवं 2 बजे से 4 बजे तक सभी मरीजों की स्वास्थ जांच किया गया एवं संस्था की सभी सुविधा के साथ मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया जायेगा सभी जन भावना के अनुरूप निशुल्क नेत्र जांच शिविर जारी रहा, शिविर में 380 लोगों का पंजीयन किया गया 91 मोतियबिंद मरीज चयनित हुए। इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षक डॉक्टर की टीम के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं के स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य रोगों से संबंधित विषय की जानकारी लोगों अवगत कराया गया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के सभी वरिष्ठ सदस्य एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी स्थानीय नागरिकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त रहा। ये क्रम निरंतर अनवरत जारी रहेगा, पूरे जिले में, पूरे प्रदेश से स्वास्थ एवं मोतियाबिंद से ग्रसित लोग का इलाज निशुल्क हो साथ ही महावीर इंटरनेशनल हमेशा अनवरत प्रयास जारी रहेगा।



ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य कराने में हो रही परेशानी

# रेत की रायल्टी बढ़ाये जाने से हो रही दिक्कतः ललित कबीरे

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले में रेत के रेट बढ़ गए हैं। पहले जहां एक ट्रेक्टर ट्राली रेत लोगो को महज 1500 से 2000 रूपये में उपलब्ध हो जाती थी अब उसके रेट 4000 से 5000 रूपये तक कर दिए गये हैं। रेत व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा रॉयल्टी बढ़ जाने के कारण उन्हें भी रेत के रेट बढ़ाने पड़े हैं। पहले क्षेत्र में जहां 600 और 1000 और 1500 रॉयल्टी थी अब 2500 रूपये रॉयल्टी हो गई है। ऐसे में रेट बढ़ाए गए हैं। रेत के दाम बढने से मकान बनाने वाले परेशान हैं। वहीं व्यापारियों का भी कहना है कि महंगे दामों में रेत बेचने में उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि रॉयल्टी नहीं बढ़ती तो वह भी दाम नहीं बढ़ाते। वहीं इस संबंध में लांजी सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ललित कबीरे ने आज मीडिया से चर्चा के दौरान रेत की रायल्टी, सरपंचों के मानदेय भुगतान में देरी और मनरेगा की राशि भी पिछले 2 माह से अधिक समय से नहीं मिलने आक्रोश व्यक्त करते हुए अपनी बात रखी।

**कैसे बनेगा ढाई लाख का प्रधानमंत्री आवास :** श्री कबीर ने कहा की मकान निर्माण सामग्री के लगातार दाम बढ़ रहे हैं। सीमेंट और लोहा पहले ही महंगे थे। अब रेत भी महंगी हो गई है। ऐसे में डेढ़ लाख रुपए में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकान कैसे बन पाएंगे। इसको लेकर हितग्राहियों में भारी चिंता है। विधानसभा चुनाव समाप्त होने के महज 3 दिन बाद जिले में प्रशासन द्वारा रेत की रायल्टी बढ़ा दिये जाने से लांजी क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में रेत उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**सरपंचों को नहीं मिला 8 माह से मानदेय :** सरपंच संघ लांजी के ब्लॉक अध्यक्ष ललित कबीरे ने बताया की शासन द्वारा सरपंचों को 4250 रूपये मानदेय दिया जाता है जो एक तरह से तो ऊंट के मुंह मे जीरा की तरह है परंतु वह भी सरपंचों को पिछले 8 माह से सरपंचों को अप्राप्त है। वहीं इस संबंध में जब जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा आंबटन नहीं होने की बात कही जा रही है। श्री कबीरे ने कहा शासकीय कर्मचारियों को तन्ख्वाह देने लाडली बहनो के लिये पर्याप्त राशि है परंतु सरपंचों के लिये आबंटन नहीं होना न्याय संगत नही लगता।

**अपनी घोषणा पर अमल करे सरकार :** श्री कबीरे ने कहा की विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा सरकार द्वारा किसानों के लिये 3100 रूपये में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की घोषणा की गई थी परंतु आज दिनांक तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 2183 रूपये से ही की जा रही है। जिससे प्रदेश के किसान भी अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे है। प्रदेश सरकार को अपनी घोषणा पर अमल करते हुए समर्थन की मूल्य की राशि 3100 रू. तुरंत कर देनी चाहिए अन्यथा देश का किसान आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका प्रतिउत्तर अवश्य देगा।



**मनरेगा की राशि भी दो महीने से नहीं मिली :** श्री कबीरे ने मनरेगा योजना पर भी सवाल उठाते हुए कहा की ग्रामीण मजदूरों को रोजगार देने के लिए चल रही मनरेगा योजना के तहत पिछले दो माह से मजदूरों को मजदूरी नहीं मिली है। इसके कारण मजदूरों की हालत खराब है। मजदूरी का भुगतान कब होगा इसका कोई पता नहीं है। कार्य का भुगतान नहीं होने से योजना में ठेकेदारी को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होने कहा अक्तूबर माह से राशि नहीं मिलने से भुगतान प्रभावित हो रहे है।

पंचायत के पत्र लिखने के बाद भी नहीं जागा विभाग

# नहलेसरा में जर्जर सरकारी इमारत हादसों को दे रही न्यौता

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत कोड़मी के ग्राम नहलेसरा में वन विभाग उत्पादन शाखा की सालों पुरानी जर्जर इमारत हादसों को न्यौता दे रही है. गांव में आम रास्ते और आबादी के बीच स्थित इस जर्जर भवन को ढहाने के लिए वन विभाग कोई प्रयास नहीं कर रहा है. जिस कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है जबकि ग्राम पंचायत के द्वारा वन विभाग की उत्पादन शाखा को कई बार पत्र लिखा जा चुका है. सरपंच प्रतिनिधि विवेकानंद हरदे ने बताया कि उत्पादन शाखा के अधिकारियों को पत्र लिखने के बाद कई बार दूरभाष पर भी स्थिति से अवगत कराते हुए शीघ्र ही जर्जर इमारत को नियमानुसार ध्वस्त करने के लिए कहा गया किन्तु अधिकारी ही गंभीरता नहीं दिखा रहे. उन्होंने बताया कि जर्जर सरकारी इमारत के करीब में ही संजय कावरे का मकान है अगर इमारत अचानक से गिरती है जो जनहानि हो सकती है. इसके अलावा इमारत के आस-पास गांव के बच्चे खेलते-कूदते है. इनके साथ भी हादसा हो सकता है. ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने पुनः एक बार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करवाते हुए इमारत को ध्वस्त करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि काफी लंबे समय से इमारत को गिराने की मांग की जा रही है मगर, वन विभाग के अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे है जिसका खामियाजा किसी भी दिन ग्रामीणों, बच्चों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ सकता है. चूंकि जर्जर इमारत से सटकर ही आबादी निवास करती है वहीं गांव का चौक होने के कारण बच्चे इमारत के अलग-बगल में ही खेलकूद जैसी गतिविधि करते है. हालांकि बच्चों की सुरक्षा और जान की परवाह करते हुए माता-पिता अपने बच्चों को इस इमारत से दूर रहने की सलाह देते है लेकिन छोटे बच्चे कई बार अपने अभिभावकों की बातों को भी अनसुना कर जर्जर इमारत के पास और कई बार इसके भीतर खेलकूद करने चले जाते है।



### इनका कहना है

नहलेसरा में जर्जर पुराने सरकारी भवन को नहीं ढहाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है. पंचायत के द्वारा करीब 06 माह पहले ही विभाग को पत्र लिखकर इमारत को ध्वस्त करने के लिए कहा गया लेकिन विभाग के अधिकारी शायद इसे गंभीरता से नहीं ले रहे है अगर जर्जर इमारत से कोई जनहानि, पशु हानि होती है तो इसके लिए विभाग के अफसर दोषी होंगे।

**श्रीमती प्रेमलता विवेकानंद हरदे**
**सरपंच ग्राम पंचायत कोड़मी**

## ऑल इंडिया समता सैनिक दल की बैठक आज

**वारासिवनी।** नगर के वार्ड नंबर 4 में स्थित रमाबाई बुद्ध विहार में 31 दिसंबर 2023 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से ऑल इंडिया समता सैनिक दल की अति आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें दल की तहसील शाखा का गठन पुरुष एवं महिला विंग हेतु पृथक-पृथक एवं पदाधिकारी का मनोनयन किया जाना निश्चित किया गया है। ऑल इंडिया समता सैनिक दल के प्रांतीय अध्यक्ष आर सी नागदेवे, प्रांतीय सहसचिव एन आर डोंगरे, ऑल इंडिया समता सैनिक दल के सक्रिय सदस्य आचार्य चितरंजन वासनिक एवं आयोजक के रूप में सुरेश बंसोड़, जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया समता सैनिक दल शाखा बालाघाट प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ आर के डोंगरे ने समस्त आंबेडकरवादी साथियों एवं समस्त सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की पुरजोर अपील की है।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा परिक्रमा यात्रा पूर्ण होने पर हुए भंडारे

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला सिवनी कहानी के सेवा निवृत्त शिक्षक चंद्र सिंह पटेल धर्मपत्नी फूलेश्वरी पटेल ,संझले भ्राता सुरेश लोधी नोंन पिपरिया सहित 51 श्रृद्धालुओं की गोटेगांव समीप झांसीघाट से नर्मदा परिक्रमा शुरू हुई। माँ नर्मदा परिक्रमा तीर्थ यात्रा समिति के आयोजक जिला जबलपुर से श्री नर्बदा प्रसाद रैकबार शहपुरा एवं श्री दशरथ पटेल शहपुरा सम्पूर्ण यात्रा के दौरान मार्गदर्शन देते हुए , व्यवस्थाओं को बनाए रखे ।
नर्मदा परिक्रमा बस यात्रा के प्रतिदिन सुबह एवं शाम को पूजन भजन आरती विधि विधान से सम्पन्न होते रहे । मुख्यतः झांसीघाट से बरमान, होशंगाबाद, औंकारेश्वर , सियाराम आश्रम एवं सियाराम घाट, अंकेश्वर, रामसीताकुंड, बुलबुला कुंड, कमलकुंड, मंदिर- मंदिर, विमलेश्वर, भरूच रत्नाकर पार, मीठी तलाई, नीलकंठेश्वर, सोमनाथेश्वर, ओखापोर्ट, द्वारकानाथेश्वर,भेंट द्वारका, मांडू, महेश्वर, अमरकंटक, माई की बगिया एवं उद्गम स्थल,कपिलधारा - दुग्ध धारा,डिंडौरी नर्मदा तट - संत दर्शन, झोंतेश्वर- परमहंसी- राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दर्शन, झांसीघाट पूर्णाहुति उपरांत शिव जल अभिषेक हेतु औंकारेश्वर और वापिसी झांसीघाट में भंडारे करहैया चढ़ावा परसादी हुई ।

# शिक्षक के घर में तीन लाख की डकैती

**जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर केवलारी गणेश कालोनी निवासी एक शिक्षक के घर में 29 व 30 दिसंबर की दरम्यानी रात पांच बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दे दिया।**





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कुल्हाड़ी, धारदार हथियार लेकर घुसे बदमाश अपने साथ घर में रखे तीन लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर व नकदी अपने साथ ले गए। वारदात की सूचना मिलने पर शनिवार दोपहर सिवनी पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने केवलारी पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

### सीसीटीवी खंगाले

केवलारी थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि डकैती की वारदात में शामिल अज्ञात बदमाशों की पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के साथ केवलारी के सभी रास्तों पर सघन जांच की जा रही है। तकनीकी मदद से अज्ञात बदमाशों के साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। घातक हथियार दिखा जान से मारने की धमकी देकर बदमाशों ने घर में मौजूद शिक्षक दीपक डहेरिया समेत परिवार के अन्य लोगों को शोर मचाने से रोक दिया। घरवालों से ज्वेलरी व नकदी रुपये का ठिकाना पूछते हुए बदमाशों ने आलमारी का लाकर में रखे सोने के कंगन, बेंदी, नथ, कान के झाले, अंगूठी, चैन, लोकेट, गणेश प्रतिमा, दो जोड़ी चांदी की पायल समेत 24 हजार रुपये नकद व दो मोबाइल हैंडसेट पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद पांचों बदमाशों ने परिवार के सभी लोगों को बैडरूम के कमरे में बंद करके बाहर से दरवाजा लाक कर दिया। जाते-जाते बदमाशों ने कहा कि पुलिस या अन्य किसी को बताया तो तुम्हे जान से मार देंगे, सुबह पड़ोसियों से दरवाजा खुलवा लेना। शिक्षक ने पुलिस को बताया कि पांच बदमाशों ने नकाब नहीं पहना था, सभी सरल हिन्दी भाषा में एक दूसरे से बात कर रहे थे, जिनका हुलिया उन्हें याद है। रात करीब 11 बजे शिक्षक दीपक डहेरिया पत्नी स्नेहलता, छोटा बेटा पार्थ के साथ बेडरूम में सोने चले गए थे। बड़ा बेटा उज्जवल दूसरे बेडरूम में सो रहा था। देर रात करीब एक बजे घर के पीछे बाउंड्रीवाल से कूदकर घुसे लोगों ने पहले लकड़ी का दरवाजा का एल ड्राप तोड़ा और घर में प्रवेश कर लिया। बदमाशों ने घरवालों को उठाकर पूछा कि लाइट की बटन कहां है। बदमाशों की आवाज सुनकर मैं डर गया और बटन दबाकर घर की लाइट जलाई तो देखा कि 5 अज्ञात व्यक्ति हाथ में कुल्हाड़ी, पेंचकश व एयर पिस्टल जैसा हथियार लेकर खड़े हैं।
पीड़ित शिक्षक दीपक कुमार पुत्र आशाराम डहेरिया की सूचना पर केवलारी थाना प्रभारी किशोर बामनकर समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा और अज्ञात बदमाशों का पता लगाने सुराग की खोजबीन की जा रही हैं। शिक्षक के अनुसार अज्ञात बदमाश देर रात पैदल आए थे, जिन्होंने बाउंड्रीवाल कूदकर घर में प्रवेश किया था। वारदात के बाद पांचों बदमाश पैदल घर से भागने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह भी संभावना है कि अज्ञात बदमाशों के मददगार कुछ दूरी पर उनके पहुंचने का इंतजार कर रहे थे, जो जिनके साथ सभी आरोपित फरार हो गए।

# 70 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने नहीं कराई ई केवाईसी, अंतिम दिन आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

गैस एजेंसियों पर गैस कनेक्शनधारी ई केवाईसी कराने के लिए परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार को शहर की बस स्टैंड स्थित गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। हालात यह बने कि कतार अधिक होने और समय लगने के कारण उपभोक्ताओं ने जमीन पर बैठकर बारी आने का इंतजार किया। दरअसल उपभोक्ताओं का बयोमेट्रिक अथोराजेशन हो रहा है। पिछले दो माह से यह प्रक्रिया की जा रही है। बावजूद इसके अब तक करीब 70 प्रतिशत उपभोक्तओं ने ई केवाईसी नहीं करवाई है। 31 दिसंबर आखरी तारीख है। जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे गैस एजेंसियों पर भीड़ बढ़ रही है। उपभोक्ता नरेंद्र पटेल ने बताया ई केवाईसी के लिए भीड़ अधिक होने के कारण डेढ़ घंटे लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भी ई केवाईसी करवा सकते थे, परंतु उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। यही वजह उन्हें परेशान होना पड़ा।
उल्लेखनीय है कि जो उपभोक्ता सबसिडी का लाभ ले रहे हैं। उन्हें ई केवाईसी करवाना जरूरी है। ई केवाईसी नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं को सबसिडी बंद हो सकती है।

### जिले में लगभग तीन लाख से अधिक गैस कनेक्शन

जिले में करीब लगभग 3 लाख गैस कनेक्शनधारी है।



वहीं 1 लाख 93 हजार उज्जवला योजना धारक है। आदेश के मुताबिक सभी गैस कनेक्शनधारियों को एजेंसी आकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। घरेलू गैस सिलेंडर वर्तमान में 950 रुपए में उपलब्ध है। इसमें केंद्र सरकार से डीबीटीएल के जरिए करीब 27 रुपए की सबसिडी मिल रही है। जानकारी के अनुसार जिले में कई गैस एजेंसियां हैं। इनमें भारत पेट्रोलियम की 15, एचपी की 11 और इंडियन पेट्रोलियम की 1गैस एजेंसियां संचालित है।

### एप से घर बैठे कर सकते हैं ई केवाईसी

सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार गैस एजेंसियों पर ई केवाईसी की निशुल्क व्यवस्था है। भारत गैस के उपभोक्ता हैलो बीपीसीएल एप्लीकेशन से मोबइल पर घर बैठे ई केवायसी कर सकते हैं। इसके अलावा गैस एजेंसियों पर गैस कनेक्शन डायरी के पीछे क्यूआर कोड भी लगाया जा रहा है। यहां से भी उपभोक्ता किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# महिला संबंधी बढ़ते अपराधों की रोकथाम व जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

महिला संबंधी बढते अपराधों की रोकथाम व जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी.शर्मा के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप वाल्मीक के मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर द्वारा ग्राम पंचायत केसला थाना बरघाट अंतर्गत गांव की महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में गांव की महिलाएं उपस्थित थी । जिनके साथ महिला संबंधी अपराधों पर चर्चा की गई । परिवार में समाज में बालिकाओं के प्रति उनकी जवाबदारी व गंभीरता को समझाया गया। महिलाओं बालिकाओं को सामाजिक परिवेश में सजग सतर्क रहने की समझाइए दी गई विभिन्न अपराध जो केवल महिला संबंधी होते हैं उनको कैसे नियंत्रित किया जा सकता है चर्चा की गई ।
इसी कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत बालिकाओं के समक्ष वर्तमान परिदृश्य में घटित होने वाले अपराधों से बचने के लिए किन बातों को अपनाना है बताया गया सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट व अन्य माध्यम से अपरिचित से परिचय ना बढ़ाने समझाइश दी गई। अनजान व्यक्ति से जानकारी साझा न करने वास्ते बताया गया।
आवारा तत्वों की हरकतों की जानकारी देने मूकदर्शक न बने रहने कुछ करो कुछ कहो की प्रवृत्ति बढ़ाने की समझाइश दी गई। सार्वजनिक स्थानों में आवागमन के समय व आवागमन के साधनों का प्रयोग करते समय सतर्कता बरतें। साईबर फ्राड से सावधान रहें मोबाइल पर अपनी जानकारी साझा करने से बचें। बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# शासकीय महाविद्यालय बरघाट में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग को शोध केन्द्र आरंभ के रूप में मान्यता

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राजा शंकर शाह वि.वि. छिंदवाड़ा की कुलपति डॉ. लीला भलावी के नवाचार प्रयोगों ने विश्वविद्यालय में रूके शोध कार्यों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय बरघाट, सिवनी में जिले का पहला शोध केन्द्र पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में आरंभ किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुये पहाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सी.बी. झारिया ने बताया कि छिंदवाड़ा वि.वि. से संबंद्ध महाविद्यालयों में बरघाट महाविद्यालय ही एकमात्र शिक्षण संस्थान है, जहां बी.लिब, एम.लिब की कक्षायें संचालित है। विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर



विश्वविद्यालय से इस विषय में शोध केन्द्र स्थापित करने हेतु पत्राचार किया जा रहा था। महाविद्यालय के आवेदन के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा शोध केन्द्र स्थापित करने निरीक्षण दल का गठन किया गया। इस निरीक्षण दल में डॉ. हेमंत शर्मा, डीन, जीवाजो वि.वि. ग्वालियर, डॉ. सत्यप्रकाश निकोसे, नागपुर वि.वि, डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, ग्रामोदय वि.वि. चित्रकूट, डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, राजा शंकर शाह वि.वि. छिंदवाड़ा, डॉ. जे.के वाहने, प्रभारी अकादमिक शाखा के रूप में सम्मलित थे। निरीक्षण समिति ने विभाग की अद्योसंरचना, शोध केन्द्र हेतु आवश्यक सुविधाओं, उपलब्ध अध्ययन सामग्री के आधार पर शोध केन्द्र स्थापित करने हेतु अनुशंसा प्रदान की जिसके आधार पर महाविद्यालय में शोध केन्द्र स्थापित किया गया है। विभाग प्रमुख डॉ. प्रदीप त्रिवेदी ने बताया कि महाविद्यालय दरघाट, महाकौशल क्षेत्र का एकमात्र महाविद्यालय है जहां पुस्तकालय विज्ञान विषय में शोध केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई। महाविद्यालय के विकास में क्षेत्रीय सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक श्री कमल मर्सकोले, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र राहंगडाले एवं समस्त जनप्रतिनिधि का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होता है, जिसके कारण ही महाविद्यालय में उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर आसीन है। विभाग प्रमुख डॉ. प्रदीप त्रिवेदी ने कुलपति डॉ. लीला भलाती, कुल सचिव डॉ. मेघराज निमामा, शोध प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. युवराज पाटिल, डॉ. जे.के. वाहने प्रभारी अकादमिक शाखा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. धनाराम उइके, आईटी सेल संयोजक श्रीमती निशा जैन सहित सभी का आभार व्यक्त किया है। तथा आशा व्यक्त की है कि सभी के सहयोग से भविष्य में भी महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। शोध केन्द्र स्थापित होने से विभाग के पूर्व तथा वर्तमान छात्र/छात्राओं में हर्ष व्याप्त है, साथ ही महाविद्यालय परिवार के सदस्यों डॉ. बी.एल. इनवाती, डॉ. हरिहर सोलंकी सहित सभी ने हार्दिक शुभकामनायें दी हैं।

## नगरों में बनाएं जाएं पैदल मार्च कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अच्छी सेहत के लिए पैदल चलना बहुत जरुरी है। पैदल नहीं चलने वाले अनेक गम्भीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। अधिकांश डॉक्टर भी खुद पैदल चलते हैं। अतः सभी नगरों में पैदल चलने के लिए पैदल मार्च कॉरिडोर बनाया जाए।
उक्ताशय की मांग करते हुए समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने बताया कि आजकल लोग अपने छोटे से छोटे काम के लिए दुपहिया, कार या ऑटो रिक्शा में चलते हैं। सड़कों में साईकल और पैदल चलने वाले बहुत कम नजर आते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटनाओं में अधिकांश पैदल चलने वाले मौत के शिकार होते हैं। इसका अर्थ है सड़कों पर पैदल घूमना बहुत खतरनाक है। पैदल नहीं चलने के कारण बूढ़े, बच्चे और जवान भी मोटापे के शिकार होकर अनेक गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पैदल चलना अनिवार्य है। यह सलाह डॉक्टर भी देते हैं। पैदल चलना सबसे अच्छा व्यायाम माना जाता है। याने अच्छी सेहत के लिए पैदल चलना जरुरी है। सड़कों पर घूमना खतरनाक है। अतएव सभी नगरों में सेहत के लिए पैदल चलने वालों के लिए पैदल मार्च कॉरिडोर बनाया जाए। जहां पर किसी भी प्रकार के वाहन चलाना प्रतिबंधित हो। श्री अहरवाल ने आगे बताया कि जहां पैदल मार्च कॉरिडोर बनाया जाएगा। वहां तक पैदल मार्च करने वालों को पहुंचाने के लिए सिटी बस सेवा उपलब्ध कराई जाए। इससे स्थानीय प्रशासन की अच्छी आमदनी भी होगी।

## भक्ति हो मगर विवेक से : विराग मुनि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वयं की ओर मुडना ही पुरूषार्थ है, पर को नियंत्रित करने की मन की इच्छा गलत है बल्कि स्वयं को नियंत्रित करना ही वास्तविक स्वार्थ है पहले दुनिया को भूलो और आत्मा को जानों। जब आत्मा को जान जाओगे तो दुनिया स्वयं प्रगट हो जायेगी, सही रूप की प्राप्ति किसी को तब तक नहीं होती जब तक अपने स्वरूप की पहचान नहीं होती। उक्त उद्गार परमतपस्वी गणाधीश श्री विनय कुशल मुनि एवं परम पूज्य तक आराधक श्री विराग मुनि ने श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर सभा गृह में धर्म सभा को सबोधित करते हुए व्यक्त किये। महाराज साहब ने आगे कहा कि जीवन भरहम तिजोरी भरने के लिए मेहनत करते है यहां तक की वृद्धावस्था में भी हमारा ध्यान कमाई में रहता है लेकिन जब देह त्यागते है तो हमारी कमाई को हमारी संताने उपयोग करती है। कहा गया है कि माल कमाये डोकरा माल उडाये छोकरा। महाराजश्री ने कहा भक्ति कभी हेय बुद्धि से नही होती बल्कि उसे तो उपादेय बुद्धि से गदगद होकर करनी चाहिए भक्ति तो हो मगर अंधभक्ति ठीक नहीं है। भक्ति या गुणानुवाद आंतरिक भावों से होना चाहिए वह मात्र दिखावा या प्रदर्शन नहीं हो भक्ति मुक्ति के लिए कारण है और भुक्ति संसार के लिए भक्ति को विवेक की डोर से बांधे रखना ही धर्म है। ज्ञातव्य है कि महाराज साहब ने खैरागढ़ में आचार्य विद्यासागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया था आपने चातुमास में निरंतर 171 उपवास दुर्ग में किये थे इसी तरह बालाघाट में पदयात्रा के दौरान 66 उपवास किये थे, वर्तमान में सिवनी श्वेताम्बर जैन मंदिर में आपके मंगल प्रवचन का लाभ मिल रहा है इस दौरान समाज के प्रमुख धरमचंद्र भूरा संजय मालू, सुजीत नाहटा, प्रकाश नाहटा अतुल मालू संजय मनसुखा सहित युवा एवं महिला समाज सक्रिय रूप से इस धर्म सभा का मंगल धर्म लाभ ले रही है।

# तिरूपति राइस इंडस्ट्रीज द्वारा माध्यमिक शाला के बच्चों को किया स्वेटर वितरण





कार्यक्रम प्रमुख एसडीएम तहसील घंसौर, सौजन्य तिरूपति राइस इंडस्ट्रीज निचली घंसौर द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चो के द्वारा ठंड से बचने के लिए ग्राम निचली घंसौर मे श्री तिरूपति राइस इंडस्ट्रीज के संचालक अक्षय गोल्हानी द्वारा ८० बच्चो को स्वेटर प्रदान कि गई, जिसमे विशिष्ट अतिथि एसडीएम विसन गौड़ी बीआरसीसी से शिक्षक देवी सेन और मेश्राम सर, शाला के समस्त शिक्षक और शिक्षिका श्रीमती नामदेव, सेन मैडम उपस्थित रहें कार्यक्रम मे एसडीएम द्वारा बच्चो को हौसला बढ़ाने और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए उद्बोधन भी दिया गया, ओर कहा कि ऐसे काम समाज सेवी के तौर पर छेत्र के उद्योग पति द्वारा ऐसे काम होते रहना चाहिए।

## विधायक दिनेश राय का स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी नगर दक्षिण मंडल के सभी वार्ड अध्यक्ष द्वारा सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन का स्वागत किया गया।

# शास्त्री वार्ड बारापत्थर में निकाली गई भव्य अक्षत कलश शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के शास्त्री वार्ड मानेगांव रोड स्थित हनुमान मंदिर में आज मानेगांव ग्राम के मां शारदा मंदिर से श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की शोभायात्रा मानेगाव से निकालकर पूर्व पार्षद अलकेश रजक के निवास एवं गहलोत भवन के सामने से होते हुए शास्त्री वार्ड में भ्रमण करते हुए मानेगांव रोड स्थित हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन आरती



के बाद स्थापित की गई अक्षत कलश शोभा यात्रा में मुख्य रूप से अधिवक्ता नेतराम चौरसिया , वीरेंद्र श्रीवास्तव , अलकेश रजक पूर्व पार्षद , युवराज राहंगडाले जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा , अधिवक्ता , रूपेश छोटू गहलोत , हितेश बंटी यादव , बृजपाल बिसेन , अभिषेक छोटू मालवीय , शुभम बिसेन , पत्रकार राकेश राजा मालवीय , गगन बघेल , रोहित सक्सेना ज्योतिष , राहुल सनोडीया , दीपक चिरौंजे जुलेश लक्की यादव , एवं महिलाओं में श्रीमति मनीषा चौरासिया , श्रीमति स्वाति शालू रजक , श्रीमति वंदना मालवीय , प्रिया पप्पी श्रीवास्तव , श्रीमति कीर्ति गहलोत , श्रीमति उमा श्रीवास्तव , श्रीमति मीनल बहारे , श्रीमति लीला वाछले , श्रीमति मंजू चिरोंजे , श्रीमति रामधारा सिरसाम , श्रीमति कंचन ठाकुर एवं सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं की गरियामय उपस्थिति रही।

## एपीएल में 2 लीग मुकाबले खेले गये

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एपीएल टूर्नामेंट के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शर्मा द्वारा बताया गया की पी. कॉलेज ग्राउंड भैरोगंज में आयोजित एडवोकेट प्रीमियर लीग ए.पी.एल सीजन४ टूर्नामेंट में शनिवार को 2 लीग मुकाबले खेले गये पहला मुकाबला एडवोकेट ऑरेंज11ओर एडवोकेट ग्रे11 के मध्य खेला गया।ऑरेंज 11 के कप्तान ऋषभपाल सिंह बघेल एवं ग्रे11 के कप्तान मुकेश अवधिया के मध्य हुए टॉस में टीम ऑरेंज 11 के कप्तान द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया।पहले बल्लेबाज़ी करते हुए ऑरेंज 11 ने निर्धारित 12 ओवरो में 8 विकेट खोकर 93 रन बनाये।ऑरेंज11 की ओर से रोहित सिंह ने23 एवं मनोज राठौर् ने 21 रन बनाये।ग्रे11 की ओर से कप्तान मुकेश अवधिया ने 4,नितेश हेडाउ ने 2,शैलेश सक्सेना एवं रिषाद खान ने 1-1 विकेट लिए।94 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रे11 ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया एवं अपनी तीसरी जीत दर्ज़ की।ग्रे11 की ओर से नीरज ठाकुर ने 38,मुकेश अवधिया ने 25 एवं नितेश हेडाउ ने 17 रन बनाये।ऑरेंज11 की ओर से विमल काकोड़िया ने 2,ऋषभपाल सिंह बघेल,संजय ठाकुर एवं आशीष अवधिया ने 1-1 विकेट हासिल किये।ओर इस तरह ग्रे11 ने इस मैच को 5 विकेट से जीत लिया।दिन का दूसरा मैच येल्लो11 एवं ब्लू11 के मध्य खेला खेला गया।येलो11 के कप्तान योगेंद्र गुर्देकर एवं ब्लू11 के कप्तान रितेश आहूजा के मध्य हुए टॉस में ब्लू11 के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया।पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी येलो11 ने निरधारित 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर115 रन बनाये।

# भक्तिधाम दरबार में सात दिवसीय एक्युप्रेशर थैरपी चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर के सिंधी कॉलोनी स्थित भक्तिधाम बाबा पेसुराम सनातन मंदिर में श्री संत बाबा जियलदास मेमोरियल समिति धर्मार्थ औषधालय एवं पूज्य सिंधी पंचायत सिवनी के तत्वाधान में सात दिवसीय एक्यूप्रेशर थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है जहाँ शुक्रवार को इसका शुभारंभ किया गया पहले दिन ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोग इस थेरेपी का लाभ ले रहे है। इस शिविर में 200 से ज्यादा लोगो ने रजिस्ट्रेशन कराया है।
भक्तिधाम दरबार के महंत बाबा संतूराम, बाबा चेलाराम एवं सिंधी पंचायत के अध्यक्ष उद्धवदास आसवानी ने जानकारी दी कि भक्तिधाम दरबार में 29 दिसंबर से 04 जनवरी तक सुबह 9 बजे से 1 बजे तक व शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक दो सत्रों में सुजोक वाईब्रेशन थेरपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है. इस शिविर में सिर का दर्द, आंखों की बीमारी, दमा, लकवा, कमर दर्द जैसी बीमारी पर इलाज किया जा रहा है। इस शिविर का लाभ लेने के लिए लगभग 200 से ज्यादा लोग अभी लाभ ले रहे है, इस शिविर के लिए विशेषज्ञ गोरधन चौधरी (एम डी)बी. चौधरी (एमडी) तथा ओमप्रकाश चौधरी (एमडी) जोधपुर राजस्थान से उपलब्ध हुए है. इस शिविर का लाभ अधिक से अधिक मरीजों से लेने का आहवान श्री संत बाबा जियलदास मेमोरियल समिति धर्मार्थ औषधालय ने किया है।





## महाराज बाग में निकाली गई अक्षत कलश शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज के महाराज बाग में आज श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर निर्माण के पश्चात आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्राणप्रतिष्ठा समारोह हेतु आई अक्षत कलश भगवान शिव के मंदिर पर पहुंची जहां पर विधि-विधान के साथ विद्वान पुरोहित की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों के साथ पूजन अर्चन किया गया। अक्षत कलश यात्रा का आगामन परतापुर रोड स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर से हुआ, जहां से भक्त गणों द्वारा गांजे-बाजे के साथ अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली गई जो महाराज बाग का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंची, जहां आतिबाजी के साथ स्वागत किया गया एवं विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन के उपरांत राम नाम भंजन निरंतर जारी है रात्रि के समय में भी सुंदरकांड पाठ और भंजन संध्या का आयोजन सम्पन्न हुआ।

**आवश्यकता है**
प्रतिष्ठित कंपनी को निम्न पदों के लिए (केवल पुरूषों की) आवश्यकता है: एकाउंटेंट (बीकॉम, एमकॉम,1-2 साल अनुभवी) प्रोसेस ऑपरेटर (आईटीआई फिटर) इलेक्ट्रीशियन (आईटीआई) आईटीआई फ्रेशर एप्लाई करें। रहने की व्यवस्था कंपनी के द्वारा की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति आवेदन भेजें।
9303733869
hr@narmada.org.in

**खबर संक्षेप**

### कन्हड़गांव में धान से भरा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा चालक



**कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार चौकी पुलिस के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हड़गांव में धान से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. यह हादसा शनिवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास नहर की केनाल और मानिक उइके के घर के करीब में हुआ है. कुड़वा उपार्जन केन्द्र से सरकारी धान लेकर कटंगी की तरह आ रहा ट्रक यहां अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में चालक बाल-बाल बच गया. हादसे कैसे हुआ इस बारे में अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया. मिली जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक एम एच 35 एजे 5219 कुड़वा से सरकारी धान लेकर कटंगी की तरफ आ रहा था इस दौरान कन्हड़गांव के पास अचानक से पलट गया. बताया जा रहा है ट्रक का पट्टा टूटने की वजह से हादसा हुआ है. हादसे के बाद बड़ी संख्या में यहां भीड़ जमा हो गई और पुलिस को हादसे की सूचना दी गई।

### वारासिवनी कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी की रेड रिबन क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं रक्तकोष अधिकारी बालाघाट के सहयोग से किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के शिविर के आयोजन से देश में बढ़ रहे सिकल सेल एनीमिया के मरीजों की संख्या, गर्भवती महिलाओं में हिमोग्लोबिन की कमी एवं कोरोना महामारी आदि से प्रभावित मरीजों की हो रही मृत्यु को रोके जाने में मदद मिल सकेगी।

### भोपाल ने बालाघाट पर दर्ज की जीत

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 30 दिसंबर को लेकसिटी भोपाल बनाम पुलिस ब्वायज बालाघाट के बीच मैच खेला गया। प्रतियोगिता के मैच शुभारंभ में बतौर अतिथि मॉयल मैनेजर मयंक जैन, मॉयल इंजी. निलेश देशपांडे, इंजी शशिकांत ठाकरे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी, पूज्य सिंधी पंचायत महिला अध्यक्ष लीना माधवानी उपस्थित थी।

### कल निकलेगी चुनरी यात्रा

**बालाघाट।** कल 01 जनवरी 2024 को नववर्ष के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय से सटे ग्राम गोंगलई से चुनरी यात्रा निकाली जा रही है, जो गढदा की पहाडी पर विराजित मॉ अन्नपूर्णा देवी को भेंट की जावेगी। आयोजक समिति के पदाधिकारीयों ने बताया कि प्रत्येक सत्र नववर्ष के अवसर पर 01 जनवरी को गोंगलई से चुनरी यात्रा निकाली जाती है और मां अन्नपूर्णा देवी को चुनरी भेंट कर देश में अमन शांति की मन्नत मांगी जायेगी। यह चुनरी यात्रा ग्राम गोंगलई से प्रांरभ होगी और नवेगांव, नैतरा, लिंगा, लोहारा, परसपानी, गढदा, बुढैना मार्ग होते हुए मां अन्नपूर्णा के कोठीपाट धाम पहुचेगी। इस अवसर पर माता के दरबार में हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसको लेकर यहां समिति कार्यकर्ताओ व श्रद्धालुओ के द्वारा तैयारीयां प्रारंभ कर दी गई और उनमें इस आयोजन को लेकर उत्साह भी देखा जा रहा है। आयोजक समिति के पदाधिकारीयों ने जिले के श्रद्धालुओ से अपील की गई है कि वे इस भव्य चुनरी यात्रा में शामिल होकर मातारानी का दर्शन लाभ ले।

## अनियमितता पाये जाने वाले पर जारी हुये नोटिस, उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया

# अनियमितता और लापरवाही करने वाले शासकीय व अशासकीय अमले पर होगी कड़ी कार्यवाही: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के सम्बंध में शनिवार को कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उपार्जन समिति की बैठक में कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने उपार्जन कार्य में लगें शासकीय व अशासकीय अमले को स्पष्ठ कहा कि यह कार्य शासन की सर्वोच्चय प्राथमिकता वाला है। बालाघाट में धान उपार्जन एक अलग तरह से संवेदनशील रहता है। इश्लिये किसी भी तरह की अनियमितता और लापरवाही पर सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर नोटिस भी जारी करें। इसके बाद वे भी नोटिस जारी करने के साथ ही ऊपर स्तर तक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उन्होंने बारदानों की समुचित व्यवस्था के लिए अलग से 5 से 6 ट्रक रिजर्व रखने की हिदायत दी है। साथ ही उपार्जन समितियों को समय पर बारदानों की उपलब्धता कराते हुए डेटा संधारण की व्यवस्थित करें। किसी-किसी केंद्र पर लेबर की समस्या है वहाँ इसका समाधान समय रहते कर लिया जाए। वही लगातार धान का उठाव करने के निर्देश दिए ट्रांसपोर्ट को लेकर निर्देशित किया गया कि जिन ट्रांसपोर्टों ने समय पर पर्याप्त गाड़ियां नहीं लगाई हैं, उन्हें भी सूचना करते हुए नोटिस जारी करे। समितियों के ईपीओ पेंडिंग न रखने को कहा है। कलेक्टर व उपार्जन समिति के अध्यक्ष ड़ॉ. मिश्रा ने रिजेक्ट धान को 7 दिनों के भीतर अपग्रेडेट करने के निर्देश दिए हैं।

### नाकों पर भी अधिक सावधानी व निगरानी के निर्देश

समिति के अध्यक्ष ड़ॉ. मिश्रा ने कहा कि नाकों पर चेकिंग के सम्बंध में कहा कि इस पर अधिक सावधानी और निगरानी की अभी आवश्यकता है। इस कार्य से ध्यान न भटके। अवैध परिपथ पर जाने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश। इसके अलावा धान उपार्जन समितियों के जिस भी नोडल ने किसानों के घर जाकर किसानो का सत्यापन नही किया उन्हें नोटिस जारी कर एक इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए। समय पर ट्रांस्पोर्टस की गाडियां न पहुंची हो तो भुगतान नही किए जाने के निर्देश। परिवहन विभाग को ट्रक अधिग्रहण करने के निर्देश।



बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया, खाद्य आपूर्ति अधिकारी ज्योति बघेल आर्या सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### लापरवाही बरतने वालो पर गिरी गाज

कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार खाद्य आपूर्ति अधिकारी द्वारा खरीप विपणन वर्ष में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और परिवहनकर्ताओ को नोटिस जारी किये गए। डीएसओ श्रीमती ज्याति ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के प्रबंधक केन्द्र प्रभारी और विपणन सहाकारिता समिति वारासिवनी को ईपीओ लंबित होने के कारण तथा उपार्जन केंद्र प्रभारी वारा, बड़गाँव, किरनापुर, बिनोरा और किरनापुर के द्वारा किसानो को बारदाने प्रदाय करके किसानो से ही धान भराई कराये जाने के कारण और उपार्जन प्रभारियों द्वारा बारदोनों की सिलाई के पश्चात पेकिंग नही करने पर नोटिस जारी करते हुये अर्थदंड लगाने के लिये नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा बैहर, बिरसा और परसवाड़ा के परिवहनकर्ता श्री राजेन्द्र कोछड़, कटंगी तिरोड़ी परिवहनकर्ता श्री यशवंत टेम्भरे, विकासखण्ड लालबर्रा, बालाघाट परिवहनकर्ता पंकज इंटरप्राईजेस के द्वारा धान खरीदी में पर्याप्त परिवहन वाहन नही लगाने से खरीदी को प्रभावित करने पर नोटिस जारी किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि 2 दिनों में पूर्ति न किये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

सेवा सहकारिता समिति मर्यादित गुडरू, विपणन सहकारी समिति परसवाड़ा (केन्द्र मझगाँव), सेवा सहकारी समिति मर्यादित टाकाबर्रा (केन्द्र घुनाड़ी), आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गढ़ी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कायदी (आलेझरी), सेवा सहकारी समिति मर्यादित बनेरा (केन्द्र कटेरा), सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेनी के द्वारा बारदानों की प्रविष्टी ई-उपार्जन पोर्टल पर नही करने के कारण 2 दिनों में पूर्ति करने के लिये नोटिस जारी किया गया। अगर नही पूर्ति होती है तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**वाहन दुर्घटना कानून में संशोधन का विरोध**

## चालक-परिचालक संघ ने किया विरोध, किया नई कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश सरकार के वाहन दुर्घटना संबंधित कानून में संशोधन करने का शनिवार को बालाघाट के चालक-परिचालक संघ ने विरोध किया। उन्होंने प्रदर्शन कर बिल वापस लेने की मांग की।

संघ के अध्यक्ष महेश सहारे ने बताया कि हाल ही में भारत सरकार के नए कानून के तहत चौपहिया वाहन चालक से दुर्घटना होने और उसमें किसी की मौत होने पर उसे 10 साल की सजा और 10 लाख रूपए जुर्माना भरना होगा। उन्होंने कहा कि एक चालक के लिए यह काला कानून है। हमारी मांग हैं कि सरकार इस कानून को वापस ले। अगर यह कानून वापस नहीं लिया जाता है तो आगामी 1 जनवरी से पूरे जिले में चौपहिया वाहन बसों, ट्रको और बड़े वाहनों के चक्के जाम कर दिए जाएंगे। कानून के विरोध में चालक-परिचालक संघ की बैठक हुई, जिसमें संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## मुंजारे दंपती को चुनौती : रिश्तेदारों को नपा में ठेकेदारी के आरोप को साबित करेंगे तो राजनीति से ले लेंगे संन्यास

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विधानसभा चुनाव के बाद बालाघाट में मुंजारे और ठाकुर दंपती के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। दोनों मीडिया के माध्यम से आरोप-प्रत्यारोप और कटाक्ष कर रहे हैं।शनिवार को नपाध्यक्ष भारती ठाकुर और भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीतसिह ठाकुर प्रेस से मुखातिब हुए। उन्होंने विधाकय अनुभा मुंजारे और उनके पति के आरोपों को बेबुनियाद बताया।

नपाध्यक्ष भारती ठाकुर और भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीतसिंह ठाकुर ने विधायक मुंजारे से कहा कि वे हमें नैतिकता का पाठ ना पढ़ाएं। वे अपने पति व पूर्व सांसद कंकर मुंजारे को नैतिकता का पाठ पढ़ाएं, ताकि वह अपनी बात किसी भी मंच से रखने पर सम्मान के साथ रखें। पूर्व सांसद साबित करें कि नगरपालिका के किसी भी कार्य में हमने अपने रिश्तेदारों को ठेका दिया है। यह साबित होता है तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे।



सर्किट हाउस में हुइ प्रेस कॉन्फ्रेंस में नपाध्यक्ष ने कहा शहरी क्षेत्र में सफाई काफी बेहतर हुई है। हमने 33 वार्डों को तीन कैटैगिरी में बांटा है। बड़े वार्ड, बी कैटेगिरी में मीडियम और सी कैटेगिरी में छोटे वार्ड रखकर सफाई करा रहे हैं। नगर की सफाई नहीं होने का आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। वार्ड 2 और 13 में करोड़ो के निर्माण कार्यों के साथ ही मुस्लिम वार्ड में कायाकल्प योजना से सड़क बना रहे हैं। गुजरी में रोटेशन प्रक्रिया के तहत कचरा उठाया जाता है। 542 पदों के अतिरिक्त 854 कर्मचारियों को प्रतिमाह एक करोड़ 25 लाख रुपए वेतन भुगतान किया जाता है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा हिर्री से बम्हनगांव पहुंची



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करने के लिए जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा माननीय जनपद पंचायत अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बम्हनगांव पहुंची। सूचना और संचार संबंधी जानकारी के अलग-अलग इलाकों में जाकर लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक कररही हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भारत को विकसित बनाने की शपथ ली। समारोह स्थल पर कई शिविर लगाये गये हैं, जिसमें पीएम स्वनिधि, पीएम उदय, पीएम उज्ज्वला योजना जैसे कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा लोगों केलिए स्वास्थ्य शिविर, आधार शिविर बनाने और अन्य सेवाओं से संबंधित शिविर भी लगाए गए हैं। सूचना और संचार गाड़ियां प्रधानमंत्री के संदेश को स्क्रीन के जरिए प्रदर्शित कर रही हैं। साथ ही लोगों को ब्रोशर और कैलेंडर भी वितरित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राणा कल्याण सिंह, उपाध्यक्ष भुवनभाऊ रहांगडाले, सदस्य जनपद योगेश भास्कर, रामकुमार राणा ,सरपंच बालचंद पांचे सचिव नवीन वैसआदि लोग उपस्थित थे। मंच संचालन सोनेकर बाबू के द्वारा संचालित किया गया।

## सरपंच संघों ने रेत की बढ़ती रॉयल्टी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत के समस्त सरपंच ने एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि समस्त ग्राम पंचायतो में कराये जाने वाले निर्माण कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले भवन निर्माण कार्य में भुलाने वाली रेत कि वर्तमान रायल्टी बांधा कम्पनी के द्वारा 2500 से 3500 रूपये रखी गयी है। जो कि बहुत अधिक है जिससे कि सभी पंचायतों के सरपंच एवं हितग्राही अधिक रायल्टी के चलते निर्माण कार्य कराने मे असमर्थ है। अतः महोदय जी से निवेदन है कि बाधा कम्पनी के द्वारा मनमानी ढंग से वसूली जाने वाले रेत की रायल्टी ग्राम पंचायत द्वारा शासकीय निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायतों मे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले भवन निर्माण कार्यों में ज्यादा से ज्यादा 500 से 600 रूपये ही लिया जाये जिससे कि निर्माण कार्य प्राकलन के नुकुल हो सके।रेत कि रायल्टी कम नहीं किया जाता है तो ग्राम पंचायतो में होने वाले समस्त शासकीय निर्माण कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य बंद कर दिया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सोते हुए सरपंच संघ के अध्यक्ष इंजीनियर प्रकाश बाहे, सुनीता पांचे ,भारत लाल ,हिना कावरे ,विजय सिंह, विनोद समरिते ,नंदकिशोर चंद्रवंशी, अजय पांचे, प्रेम हाथी मारे ,और भी अन्य सरपंच शामिल रहे।

## शिक्षक उपस्थिति पंजी में नाम किसी और का पढ़ा कोई और रहा है...

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकासखंड बिरसा के अंतर्गत एक अनोखा मामला देखने को मिला है। शासकीय प्राथमिक शाला कैंडाटोला संकुल शास. उ. मा. वि. बिरसा का आज जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा दोपहर लगभग 03 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान देखा गया कि शाला के बच्चे मैदान में खेल रहे थे।हेमंत साहू के द्वारा जब शिक्षक उपस्थिति पंजी को देखा गया तो उसमें 03 शिक्षक/शिक्षिका का नाम अंकित था।जिसमें सभी शिक्षकों के हस्ताक्षर पाए गए।जब सभी शिक्षकों से परिचय पूछा गया तो रजिस्टर में दर्ज नाम के विपरीत के अन्य नाम मिला।पूछने पर पता चला कि शाला में पदस्थ नियमित शिक्षिका सुश्री मीरा गजभिये शाला दिवस में प्रतिदिन दोपहर 1 से 1:30 बजे तक शाला से चले जाती है।शिक्षिका मीरा गजभिये के द्वारा अपने स्थान पर एक अन्य शिक्षिका को 5000रु देने के बदले में रखा गया है।जब शाला में पदस्थ उस शिक्षिका से पूछा गया कि क्या आप अतिथि के रूप में अध्यापन कार्य कराने के लिए आते हैं तो उनके द्वारा बताया गया कि गजभिये मेम ने संकुल प्राचार्य से पूछकर अपने वेतन से 5000रु देने की बात कहकर रखे हैं। गजभिये मेम स्कूल आते हैं पढ़ाते नही हैं और जैसे ही 1 बजता है स्कूल से चले जाते हैं।और उनके द्वारा इस प्रकार की लापरवाही पिछले 1 साल से की जा रही है।लगातार शाला दिवस में 1 बजे स्कूल से चले जाते हैं।शाला में कुल 72 बच्चे दर्ज हैं जिनमे से आज 46 बच्चे उपस्थित थे।उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा बच्चों से संवाद किया गया।बच्चों से पढ़ाई के बारे में भी पूछा गया।साथ ही शिक्षकों के बारे में पूछने पर सभी बच्चों ने शिक्षिका मीरा गजभिये की शिकायत किए। मध्यान भोजन में आज बच्चों को दाल चांवल और चने की सब्जी खिलाया गया था। स्कूल में पदस्थ शिक्षिका मीरा गजभिये का इस प्रकार से अपने बदले में पढ़ाने के लिए किसी और को रखना इनका शैक्षणिक कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है।ऐसे शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए।इनका कार्य शिक्षा जगत के छवि को धूमिल करता है।



**परिवहन के अभाव में खरीदी बंद होने का मंडरा रहा खतरा, किसान भी हो रहे परेशान**

# परिवहन नहीं होने से खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे रखी धान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में इस समय समर्थन मूल्यपर धान की खरीदी जोर शोर से हो रही हैं। लेकिन धान के परिवहन का मामला गहरा गया हैं। खरीदी केंद्रों पर से धान की परिवहन नहीं हो रही हैं। जिसके चलते खरीदी केंद्रों पर धान के भंडारण की समस्या बन गई हैं। ऐसे में खरीदी प्रभारी धान की खरीदी बंद करने के लिये आमदा लग रहे हैं। जिले में भले ही धान की खरीदी की रफ्तार ने गति पकड़ी हैं पर परिवहन की समस्या चिंता का विषय बन गई हैं। खरीदी केंद्र प्रभारी के साथ ही किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। परिवहन के अभाव में धान के रखने की समस्या बन गई हैं। बताते हैं कि खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था की स्थिति हैं। जहां पर खुले आसमान के नीचे धान रखी हुई हैं। जिसके चलते अब किसान भी परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर परिवहन के अभाव में कई केंद्रों में खरीदी बंद होने का खतरा मंडराने लगा हैं। खरीदी केंद्र के प्रभारियों द्वारा खरीदी बंद करने के अलावा अन्य विकल्प नहीं होने की बातें कही जा रही हैं।

**खरीदी की तुलना में परिवहन की गति बहुत ही धीमी:** जिले में एक लाख 17 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचने के लिये पंजीयन कराया हैं। जिसके चलते माह दिसंबर में दूसरे सप्ताह से धान के खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराकर धान बेचने के लिये पहुंच रहे हैं। जिले में 185 केंद्रों पर धानकी समर्थन मूल्य पर खरीदी हो रही हैं। इन केंद्रों परअब तक 25 लाख किंवटल से अधिक धान की खरीदी हो गई हैं। एक तरह से प्रत्येक केंद्र में 15 से 20 हजार किंवटल धान की खरीदी हो चुकी हैं। जिसमें कई केंद्रोंसे दो-तीन ट्रक धान का उठाव हुआ तो कहीं पर 1 हजार क्विटल धान का ही उठाव हुआ हैं। शेष धान उन केंद्रों पर यथावत रखी हुई हैं। हालांकि कई केंद्रों से मिलों ने धान को मिलिंग के लिये अनुबंध कर उठाव किया हैं। बावजूद अधिकांश केंद्रों पर धान के परिवहन एक बड़ी समस्या बन गई हैं।

**खुले आसमान में रखी हैं धान:** इस समय मौसम में बदलाव हो गया हैं। जिसके चलते बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा हैं। दूसरी ओर धान के परिवहन नहीं होने के कारण वह खुले आसमान में रखी हुई हैं। लाखों क्विटल धान इस समय खुले आसमान के नीचे हैं। हालांकि समितियों की ओर से उसे ढकने के लिये त्रिपाल की व्यवस्था की गई हैं। बावजूद इन केंद्रों पर धान के रखने की समस्या बनी हुई हैं। जानकारी में आया कि कई ऐसे खरीदी केंद्र हैं। जहां पर चबुतरा नहीं हैं। नीचे जमीन पर खरीदी कर धान के स्टेग भी नीचे ही किये हुये हैं। अगर बारिश होती हैं तो उन खुले स्थान में पानी भरने की स्थिति में धान के नीचे रखी बोरियों के भिंगने व खराब होने की आशंका रहेगी। यही वजह हैं कि खरीदी केंद्रों में धान को लेकर चिता बन गई हैं। समितियों ने खरीदी कर ली हैं पर अब वे उसके बचाव को लेकर चिंतित हैं।



**परिवहन के अनुबंध करने वालों के पास वाहनों की कमी:** जानकारी के मुताबिक इस बार धान के परिवहन को लेकर अनुबंध करने में काफी देरी की गई हैं। अब जब परिवहन का अनुबंध हुआ हैं तो उसमें जिन्होने यह कार्य हेतु ठेका प्राप्त किया हैं उनके पास में वाहनों की पर्याप्त संख्या नहीं हैं। वे जुगाड़ में वाहनों की व्यवस्था कर रहे हैं। जिसके कारण जहां पर उनके वाहनों की उपलब्धता परिवहन हेतु होने चाहिए थी वह हो नहीं रही हैं। जिसके चलते कई पत्रचार व मौखिक व लिखित सूचना पर परिवहन को लेकर अमल नहीं हो रहा हैं। जानकारी में आया कि अमूमन सभी खरीदी केंद्रों की ओर से धान परिवहन को लेकर समस्या बताते हुये वाहनों की उपलब्धता कराने हेतु जिला विपणन और संबंधित परिहवन एजेंसी के संचालकों से संपर्क किया जा रहा हैं। कईयों द्वारा एप्रोच लगायी जा रही हैं। बावजूद परिवहन के लिये ट्रक नहीं भेजा जा रहा हैं। इसके पीछे का मूल कारण परिवहन के लिये अनुबंध करने वालों के पास ट्रकों की कमी होना हैं।किसानों को नहीं कराया गया बारदाना उपलब्ध जानकारी के मुताबिक धान के रखरखाव की ऐसी समस्या बनने लगी हैं कि आज 29 दिसंबर को कई केंद्रों में किसानों को बारदाना उपलब्ध नहीं कराया गया हैं। जबकि किसान स्लॉट बुक होने के बाद धान लेकर उन केंद्रों पर पहुंचें हुये थे। किसानों को बारदाना उपलब्ध नहीं होने पर उन्होने नाराजगी जतायी। वही समिति के खरीदी प्रभारियों ने भी अपनी मजबूरी गिनाना शुरू कर दिया हैं। खरीदी केंद्र प्रभारियों का कहना हैं कि परिवहन नहीं होने के कारण धान के भंडारण करने की समस्या बन गई हैं। जिससे धान बेचने आ रहे किसानों को धान रखने के लिये जगह नहीं मिल रही हैं। किसानों के बारदाना उपलब्ध नहीं कराये जाने की वजह भी यही सामने आयी हैं।

**खरीदी बंद करने का विकल्प बन गया:** कायदी समिति की धान आलेझरी में खरीदी हो रही हैं। यहां पर 17 हजार क्विटल से अधिक धान की खरीदी हो गई हैं। जिसमें महज 1 हजार क्विटल धान का ही परिवहन हुआ हैं। यहां पर धान का इतना अधिक भंडारण हैं कि वहां पर किसानों को धान रखने की समस्या बन गई हैं। समिति के प्रबंधक महेश पंचेश्वर ने बताया कि धान के परिवहन नहीं होने के कारण अब यहां पर समस्या बन रही हैं। परिवहन को लेकर लगातार सूचना भेजी जा रही हैं। पत्र भी लिखे गये हैं। बावजूद परिवहन की व्यवस्था नहीं बनायी जा रही हैं। जिससे हमारे यहां पर खरीदी की व्यवस्था प्रभावित होने लगी हैं। आगे ऐसे ही हालात रहे तो खरीदी बंद करने बाध्य हो सकते हैं। हालांकि ऐसे हालात जिले के लगभग सभी

### भरवेली में आज से अखिल भारतीय क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**बालाघाट।** जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम भरवेली मे मॉयल प्रबंधन एवं स्वास्तिक क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय स्व. प्रफुल्ल त्रिवेदी स्व. माइकल जोसफ स्मृति 33वीं लेदर बाल क्रिकेट बाल स्पर्धा का शुभारंभ रविवार 31 दिसम्बर को दुर्गा चौक खेल मैदान में हो रहा है। फाइनल मैच 6 जनवरी, 2024 को खेला जायेगा। स्पर्धा में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों की टीमें इसमें भाग लेगी। शुभारंभ मॉयल लिमिटेड समूह एक अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह एवं खान प्रबंधन मंयक जैन के करकमलों से किया जायेगा। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क पांच हजार विजेता को पचास हजार उपविजेता को पच्चीस हजार दिये जाने के साथ खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किये जायेगें। इस आयोजन के संरक्षक प्रद्युम्न भाई त्रिवेदी एवं आर.यू. सिंह अध्यक्ष मंयक जैन खान प्रबंधक सचिव भरत मलिक, कोषाध्यक्ष राजेश जोसफ, विशेष सहयोगी मॉयल कामगार संगठन के महामंत्री रामअवतार देवांगन मॉयल खेल अधिकारी असीम शेख, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर प्राचार्य होमी होम इंग्लिंश स्कूल मधु हरपाल इत्यादि का समावेश है।